प्रैस विज्ञप्ति

अग्रवाल महाविद्यालय में जर्सी वितरण व इतिहास विभाग के इंटैक क्लब द्वारा इंडक्शन व चित्रकला प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में दिनांक 02.02.2021 इतिहास विभाग के तत्वाधान में इंटैक यंग हैरिटेज क्लब द्वारा इंडक्शन व पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में श्री आनंद मेहता , संयोजक इंटैक फरीदाबाद चैप्टर व प्रधान दयानन्द शिक्षण संस्था पधारे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री शरद भसीन प्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी व श्रीमती रेणु सेठी प्रेज़ीडेन्ट अवार्डी व डॉ संगीता आहूजा आर्किटेक व इंजीनियर ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी ने की। इस कार्यक्रम में बी ए प्रथम वर्ष की 33 नई छात्राओं को इंटैक यंग हैरिटेज क्लब में शामिल करते हुए मुख्य अतिथि महोदय ने उन्हें बैज व क्लब पासपोर्ट प्रदान की। साथ ही साथ भारत के विभिन्न ऐतिहासिक धरोहर पर आधारित अंत: चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किए गया। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ० जयपाल सिंह ने बताया कि अग्रवाल महाविद्यालय 2009 से निरंतर प्रतियोगिताओं व शैक्षणिक भ्रमण द्वारा युवा पीढ़ी को भारत की ऐतिहासिक विरासतों, इमारतो व संस्कृति का ज्ञान कराता रहता है। मुख्य अतिथि श्री आनंद मेहता जी ने कहा है कि अग्रवाल महाविद्यालय इंटैक यंग हैरिटेज क्लब के निर्माण से ही निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा हैं जिसके लिए वे बधाई के पात्र है। प्राचार्य महोदय ने कहा कि ऐतिहासिक अभिलेख व धरोहर हमारे अतीत की गौरव गाथाएँ हैं और इसका संरक्षण हमारा परम कर्तव्य है ।साथ ही साथ आज ही के दिन महाविद्यालय के 45 विद्यार्थियो को युवा रैड क्रॉस फंड से जर्सी वितरित की गई। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान परमोनिका (बी०ए० द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान परसोनिया पराशर(बी०ए० प्रथम वर्ष), तृतीय स्थान परप्रगति पांडे (बी०ए० तृतीय वर्ष) और सांत्वना पुरस्कार हेमलता (बी०ए० तृतीय वर्ष), नैन्सी (बी०ए० द्वितीय वर्ष) व अंजलि

(बी०ए० प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया। अंत में इतिहास विभाग के सहायक प्रवक्ता सुप्रिया ढांडा ने सभी उपस्थित जन का धन्यवाद ज्ञापन किया।